
दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 178/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, शनिवार 25 जनवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in




**सांध्यप्रकाश विशेष**

## इसरो का स्पेस प्लेन:10 मैक की रफ्तार और अंतरिक्ष से दुश्मनों पर करारा प्रहार

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। टीएसटीओ (टू स्टेज टू आर्बिट) स्पेस प्लेन के रूप में भारत ने ऐसी तकनीक विकसित की है, जो रक्षा और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में क्रांति ला सकती है। यह स्पेस प्लेन न केवल धरती से सैटेलाइट लॉन्च कर सकता है, बल्कि 10 मैक (हाइपरसोनिक) की अविश्वसनीय रफ्तार से अंतरिक्ष में मिसाइल दागने की क्षमता भी रखता है।

### विशेषताएं

**अविश्वसनीय रफ्तार-** टीएसटीओ स्पेस प्लेन 9-10 मैक की स्पीड से अंतरिक्ष में प्रवेश करता है। यह स्पीड इतनी तेज है कि इसे न तो रडार पकड़ पाएगा और न ही कोई दुश्मन डिटेक्ट कर सकेगा।

**मल्टी-रोल क्षमताएं-** यह स्पेस प्लेन सैटेलाइट लॉन्च करने के साथ-साथ दुश्मन के ठिकानों पर हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला करने में सक्षम है।



**इंजन टेक्नोलॉजी-** इस स्पेस प्लेन में टर्बोजेट, रेमजेट और स्क्रैमजेट जैसे एडवांस्ड इंजन का इस्तेमाल किया गया है, जो इसे 15 से 27 किलोमीटर तक की ऊंचाई को पार करने और अंतरिक्ष में प्रवेश करने की शक्ति प्रदान करते हैं।

**अदृश्यता-** यह स्पेसक्राफ्ट इतनी उन्नत तकनीक से लैस है कि इसे रडार से पकड़ना असंभव है। साथ ही, इसकी स्पीड इतनी तेज है कि सीधी आंख से देख पाना भी मुश्किल है।

**2030 तक पूरा होगा प्रोजेक्ट-** इसरो ने इस प्रोजेक्ट को 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। टीएसटीओ स्पेस प्लेन के सफल विकास से भारत न केवल अपनी रक्षा क्षमताओं में बढ़त हासिल करेगा, बल्कि अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा।

**दुनिया की पहली तकनीक-** यह स्पेस प्लेन वर्तमान में दुनिया के किसी भी देश, जैसे अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, और ब्रिटेन के पास नहीं है। यह भारत को वैश्विक रक्षा और अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी में एक अजेय शक्ति बनाएगा।

**अंतरिक्ष अनुसंधान में क्रांति-** टीएसटीओ स्पेस प्लेन भारतीय सेना को तकनीकी बढ़त प्रदान करेगा, जिससे युद्धक्षेत्र में दुश्मनों पर सटीक और घातक प्रहार किए जा सकेंगे। इसके अलावा, यह अंतरिक्ष अनुसंधान और सैटेलाइट लॉन्चिंग में भी क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।





## राज्यपाल ने 12 जिला निर्वाचन, 5 आईपीएस अधिकारियों को किया सम्मानित

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज रायसेन, अशोकनगर, झाबुआ, रतलाम, नर्मदापुरम, ग्वालियर, भोपाल, शिवपुरी, भिंड, निवाड़ी, अलीराजपुर, दतिया कलेक्टरों समेत 12 आईएएस और 5 आईपीएस अधिकारियों का सम्मान किया। यह सम्मान लोकसभा चुनाव के दौरान अच्छा काम करने और मतदाता सूची व मतदाता जागरुकता के कामों के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने में बेस्ट परफार्म करने वाले अफसरों के रूप में मिला है।

कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में लोकसभा निर्वाचन 2024 के संचालन में प्रदेश स्तर से कानून व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाए रखने के लिए राज्य पुलिस नोडल अधिकारी, पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा अंशुमान सिंह को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आज प्रदेश के सभी 65 हजार 14 मतदान केंद्रों पर



मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में स्टेट आईकॉन राजीव वर्मा, गोविंद नामदेव, दिव्यंका त्रिपाठी दाहिया, संजना सिंह और देशना जैन, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम में प्रदेश की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों और अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 का संचालन, लोकसभा निर्वाचन-2024 के संचालन में कानून व्यवस्था बनाए रखने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला निर्वाचन अधिकारी, उपजिला निर्वाचन अधिकारी का सम्मान किया गया। साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी और स्वीप गतिविधि में बेहतर कार्य करने वाले जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन से संबंधित निबंध स्पर्धा में विजयी हुए प्रतिभागियों एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा युवा मतदाताओं को इपिक कार्ड का वितरण कर राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता को शपथ दिलाई गई।

**76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ**

## सुशासन के लिए संकल्पबद्ध प्रदेश सरकार: मोहन यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। उन्होंने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए शहीद राष्ट्रभक्तों और ज्ञात-अज्ञात सेनानियों के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के समर्थ, सक्षम नेतृत्व और मार्गदर्शन में सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के अंतर्गत विकसित भारत की संकल्पना को भारतवासी साकार कर रहे हैं। राज्य सरकार गरीब कल्याण, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के माध्यम से समाज के संपूर्णता में सशक्तिकरण के मंत्र को साकार करने और सुशासन के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सहित सभी संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है।



### पर्यटन दिवस पर बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय पर्यटन दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्यटन अध्यात्म, संस्कृति और परंपराओं से आत्मसात होने का प्रभावी माध्यम है। पर्यटन के विविध आयामों के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश सहित देश का कोना-कोना समृद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समृद्ध भारतीय धरोहर, संस्कृति और परंपराओं से विश्व को परिचित कराने के प्रयासों में सभी से योगदान देंने का आव्हान किया है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जागरूक मतदाता देश की प्रगति, अंत्योदय के संकल्प की सिद्धि और लोकतंत्र की सुदृढ़ता का आधार हैं। यह दिवस प्रेरित करता है कि मतदान कर हम अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मतदाताओं से सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का आवश्यक रूप से प्रयोग करने का आव्हान किया।

### राजमाता विजयाराजे सिंधिया को श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परम श्रद्धेय राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजमाता का व्यक्तित्व ममता, त्याग एवं समर्पण के भाव से परिपूर्ण था। राष्ट्रसेवा के परम पावन ध्येय के साथ जनसंघ और भाजपा को गढ़ने में अतुलनीय योगदान देने वाली श्रद्धेय राजमाता के विचार देश सेवा और लोक कल्याण के लिए सभी को प्रेरित करते रहेंगे।

## दिल्ली में वोटिंग तक टल सकता है बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष चुनाव

**भोपाल।** प्रदेश में बीजेपी के 62 संगठनात्मक जिलों में से अब तक 59 जिलों के अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है। इंदौर शहर, इंदौर ग्रामीण और निवाड़ी जिलों के अध्यक्षों की घोषणा अभी बाकी है। अब सभी की नजरें प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव पर टिकी हैं। सूत्रों के अनुसार, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव दिल्ली विधानसभा चुनाव के मतदान तक टल सकता है।

प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव टलने की दो प्रमुख वजहें हैं। पहला, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 जनवरी से 2 फरवरी तक विदेश यात्रा पर जा रहे हैं, और दूसरा कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी नेताओं की व्यस्तता है। इन दोनों कारणों से प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद, 5 फरवरी को वोटिंग होने के बाद शुरू की जा सकती है।

मध्यप्रदेश बीजेपी ने प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की रायशुमारी में हिस्सा लेने वाले प्रदेश परिषद के सदस्यों की सूची दिल्ली के केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी है। इस सूची में 4 सांसद, 16 विधायक, हर विधानसभा से एक प्रतिनिधि, और दो-दो विधानसभाओं का एक क्लस्टर बनाकर प्रदेश परिषद के सदस्य बनाए गए हैं।




जातिगत समीकरणों की बात करें तो ब्राह्मण वर्ग से डॉ नरोत्तम मिश्रा, आलोक शर्मा, अर्चना चिटनीस, राजपूत वर्ग से अरविंद भदौरिया, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, सीमा सिंह जादौन, वैश्य वर्ग से हेमंत खंडेलवाल और सुधीर गुप्ता, आदिवासी वर्ग से गजेन्द्र सिंह पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, रामलाल रौतेल और अनुसूचित जाति वर्ग से प्रदीप लारिया, लाल सिंह आर्य के नाम चर्चाओं में हैं।

## केंद्र सरकार 942 वीरता-सर्विस मेडल की घोषणा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को वीरता (गैलेंट्री) और सेवा पदक (सर्विस मेडल) के लिए 942 नामों की घोषणा की। विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक पाने वाले 101 लोग हैं। सराहनीय सेवा के लिए मेडल पाने वाले 746 कर्मी हैं। कुल 95 लोगों को वीरता पदक दिया गया। इनमें 5 नाम ऐसे हैं जिन्हें मरणोपरांत सम्मानित किया गया।



मरणोपरांत वीरता पदक पाने वालों में जम्मू-कश्मीर पुलिस के डिप्टी एसपी हुमायूं मुजमिल, सीमा सुरक्षा बल हेड कॉन्स्टेबल गिरजेश कुमार उद्दे, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कॉन्स्टेबल सुनील कुमार पांडे, सशस्त्र सीमा बल हेड कॉन्स्टेबल रवि शर्मा और सिलेक्शन ग्रेड फायरमैन सतीश कुमार रैना शामिल हैं।

जिन 95 गैलेंट्री अवॉर्ड्स की घोषणा की गई है, इनमें 28 नाम नक्सल-उग्रवाद प्रभावित इलाकों से हैं। 28 नाम जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से, 3 नाम नॉर्थ-ईस्ट और 36 नाम दूसरे क्षेत्रों से हैं। वीरता पदक की पुलिसकर्मियों में सबसे ज्यादा नाम उत्तर प्रदेश से हैं। जम्मू-कश्मीर से 15 नाम हैं। ये सम्मान सैन्य, पुलिस और अन्य कर्मियों को वीरता और उनके बलिदान के लिए दिए जाते हैं।

## वाईएसआरसीपी के राज्यसभा सांसद विजयसाई रेड्डी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** वाईएसआरसीपी पार्टी से राज्यसभा सांसद वी विजयसाई रेड्डी ने संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। गौरतलब है कि रेड्डी कल ही राजनीति से संन्यास का एलान कर चुके हैं। विजयसाई रेड्डी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि मैं किसी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं हो रहा हूं। मैंने किसी राजनीतिक फायदे, पद या आर्थिक फायदे के लिए इस्तीफा नहीं दिया है। यह मेरा पूर्णतः निजी फैसला है। इसके लिए मुझे पर कोई दबाव या किसी का कोई प्रभाव नहीं है।



## भोपाल में 3 मंजिला बिल्डिंग में आग, 30 फायर ब्रिगेड ने काबू पाया, 50 लोगों का रेस्क्यू

**भोपाल।** भोपाल के खानूगांव में शनिवार सुबह 3 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। सिलाई सेंटर में सुबह करीब 8 बजे भड़की आग ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। इससे यहां रहने वाले करीब 50 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। करीब 30 फायर ब्रिगेड ने 3 घंटे बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है।



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सिलाई सेंटर बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर है। यहां सिलाई मशीनें और कपड़े की गठानें रखी हुई थी। चश्मदीद फहीमुद्दीन चौधरी ने बताया कि जिस बिल्डिंग में आग लगी, उसके पास में ही वे रहते हैं। सुबह 8 बजे सिलाई सेंटर से मजदूर शोर मचाता बाहर निकला। देखा तो धुआं निकल रहा था। इसके बाद फौरन फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

## भव्य शोभायात्रा के मध्य श्रीकृष्ण-जन्मभूमि पर पधारीं स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी

**मथुरा।** श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के द्वारा भव्य एवं दिव्य श्रीमद्भागवत जी की शोभायात्रा का आयोजन आज शुक्रवार को किया गया।

श्रीविश्राम घाट पर यमुना महारानी के भव्य और दिव्य पूजा विद्वान पूजाचार्यों के द्वारा करायी गयी। श्री एस. लक्ष्मीनारायणन एवं श्रीमती सरस्वती लक्ष्मीनारायणन, संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने माँ यमुनाजी का पंचामृत अभिषेक, पुष्प श्रंगार आदि सामग्री से पूजन किया। तदोरान्त 1008 मंगल परिधानों में सुहागिन महिलाऐं कलश धारण कर श्रीमद्भागवत जी की यात्रा में सम्मिलित हुईं। स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी के दर्शन कर ब्रजवासी और श्रद्धालुजन अल्हादित थे।

श्रीकृष्ण-जन्मस्थान पर शोभायात्रा के पधारने पर श्रीकृष्ण-जन्मभूमि ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी श्री अनुराग डालमिया, श्रीमती जयन्ती डालमिया, डीआईजी श्री शैलेश कुमार पाण्डेय, एसपी सिटी श्री अरविन्द कुमार, एसपी क्राइम सहित बड़ी संख्या में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारीगण एवं भक्तजन श्रीमद्भागवतजी के दर्शन कर पुण्य-क्षण के साक्षी बने।

यह दिव्य एवं अलौकिक श्रीमद्भागवत जी शोभायात्रा दोपहर 1 बजे श्रीयमुनाजी एवं श्रीमद्भागवत जी के पूजन-अर्चन के उपरान्त







विश्राम-घाट से शुभारम्भ होकर स्वामीघाट, चौक बाजार, मण्डी रामदास, डीगगेट होते हुऐ श्रीकृष्ण जन्मस्थान के मुख्यद्वार (गेट नं0-1) पर पहुंची। इस भव्य शोभायात्रा में सर्वप्रथम प्रतीक चिन्ह के साथ घुड़सवार, शोभायात्रा के आगमन की सूचक मंगल ध्वनि करते हुए ढोल पार्टी चल रही थी। श्रीगणेश जी की झॉकी, बैण्ड के साथ 1008 मंगल कलश लिये सनातनी महिलाऐं श्रीमद्भागवतजी की अगुवाई कर रहीं थीं। इस शोभायात्रा में विशेष रूप से सुसज्जित तीन विशेष वाहन (कार) और संकीर्तन की मंगल ध्वनि पर उद्दाम नृत्य करते हुऐ साधु-सन्तजन थे शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केन्द्र स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी थीं जो एक सुसज्जित वाहन पर विराजमान थीं।

इस स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी की शोभायात्रा मार्ग में स्थान-स्थान व श्रीकृष्ण-जन्मस्थान के प्रवेश-द्वार पर पुष्पवर्षा कर भक्तजन द्वारा स्वागत किया गया। स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी का श्रीकृष्ण-जन्मस्थान परिसर में स्थित श्रीभागवत-भवन में आज रात्रि पर्यन्त विश्राम होगा, तदोपरान्त श्रीमद्भागवत जी की स्थापना भागवत-भवन में विराजमान महर्षि वेदव्यास जी के श्रीविग्रह के समक्ष कल प्रातः 8 बजे शास्त्रीय मर्यादाओं एवं विधान के साथ की जायेगी।


श्रीमद्भागवत जी की स्थापना के उपरान्त ग्यारह भागवत आचार्यों द्वारा श्रीमद्भागवत जी के मूलपाठ का सस्वर गायन स्थापित स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी के समीप किया जायेगा, मूलपाठ का विश्राम माघ शुक्ल द्वितीया तद्नुसार दिनांक 31 जनवरी 2025 को होगा।

इस भव्य शोभायात्रा में श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा, सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, उदार दानदाता एवं भगवत भक्त एस. लक्ष्मीनारायणन एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती लक्ष्मीनारायणन, प्रबन्धक राजेश पाण्डेय, उप प्रबन्धक अनुराग पाठक, नारायण राय, संजीव भारद्वाज, ओमवीर सिंह एवं अनिलभाई आदि ने विशेष योगदान दिया।

www.LNCTU.ac.in
LNCT UNIVERSITY BHOPAL
AGAIN EXCELS IN NIRF RANKING
NIRF NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK 2024
Ministry of Education Government of India
26TH JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY
LNCT University's NIRF ranking reflects its academic excellence, offering students enhanced career opportunities, industry recognition, and access to top faculty, ensuring a strong foundation for their future success.



1 TOP Ranked University BY Education Post Magazine in IIRF University Ranking 2023
Courses Offered
ENGINEERING | AGRICULTURE | LAW | MANAGEMENT & COMMERCE | COMPUTER APPLICATION | JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION | AYURVEDA | HOTEL MANAGEMENT | PARAMEDICAL SCIENCE | NURSING | PHARMACY | PHYSICAL EDUCATION | HOSPITAL MANAGEMENT | MEDICAL SCIENCE | Ph.D
Ph.D. Admissions Open - 2024
Advance your career with our prestigious
Ph.D. programs in
- Ayurveda
• Rasa Shastra • Kaya Chikitsa • Panchakarma
• Agad Tantra • Shalya Tantra & Shalakya Tantra
- Physiotherapy
LNCTU Campus- J.K. Town, Sarvadharam, Kolar Road, Bhopal
+91-744 077 7222 - 111 - 555



**विनोद नागर**

सुपरिचित लेखक, प्रसारक व स्तंभकार। छह खण्डों वाले रचना समग्र सहित 9 पुस्तकें प्रकाशित। मप्र साहित्य अकादमी के नरेश मेहता सम्मान, बालकवि बैरागी शिखर सम्मान, अभिनव शब्द शिल्पी अलंकरण सहित अन्य कई पुरस्कार/ सम्मान प्राप्त साहित्यकार।

# कला मनीषी सुरेश तांतेड़: अभिनव कला के मधुबन में भंवरे ने खिलाये फूल



**भोपाल में साहित्य, कला और संस्कृति की आकाशगंगा के जगमगाते सितारों के बीच उन्हें खोजने के लिए आपको किसी टेलिस्कोप की जरुरत नहीं पड़ेगी। कला जगत में इस सृजनात्मक सितारे का आभा मंडल इतना चमकदार है कि बरबस ही आँखें उन्हें सहज भाव से ढूँढ लेती हैं। जी हाँ, यहाँ बात हो रही है कलाओं के विविध स्वरुप को हर साँस के साथ जीने वाले उस शख्स की जिसने अपनी ज़िन्दगी के बेहतरीन साठ साल कलाओं के मधुबन में गुनगुनाते भँवरे की मानिंद गुजार दिये। आप चाहें तो उसे इस मधुबन का बागबान भी कह सकते हैं, जिसने क्यारियों में रंग-बिरंगे असंख्य फूल खिलाने की कभी कोई तनख्वाह नहीं ली। 80 वर्षीय पं. सुरेश ताँतेड़ ने गायन-वादन की अभिरुचि के चलते 1960 के दशक में पहले अभिनव कला परिषद् की तथा 1970 में मधुबन की स्थापना की। इन संस्थाओं द्वारा आयोजित शास्त्रीय नृत्य, गीत-संगीत के कार्यक्रम न केवल बेहद लोकप्रिय हुए बल्कि इन आयोजनों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा अर्जित की है। शास्त्रीय संगीत का शायद ही कोई ऐसा कलाकार हो, जिसने अभिनव कला परिषद् के प्रतिष्ठित मंच पर प्रस्तुति देकर अपना और अपनी कला का मान न बढ़ाया हो।**

## शास्त्रीय संगीत की महफ़िल सजाने का जूनून

चाहे वे पं. जसराज हों या भीमसेनजोशी..गिरिजा देवी हों या किशोरी अमोनकर.. कुमार गन्धर्व हों या बाला साहब पूंछवाले..गोस्वामीगोकुलोत्सवमहाराजहों या नारायण रावव्यास..जितेन्द्र अभिषेकी हों या शोभागुर्टू..परवीनसुल्ताना औरदिलशादखाँ हों अथवाउस्तादनसीरअहमद खाँ.. पुरुषोत्तमदास जलोटा और उनके सुपुत्र अनूप जलोटा से लेकरराजन साजन मिश्र की जोड़ी हो या उमाकांत रमाकांत गुंदेचा की ध्रुपद गायकी.. हर दौर में अभिनव कला परिषद् की संगीत सभाओं में रसिक श्रोताओं ने उन्हें बड़े चाव से सुना।

भारतीय शास्त्रीय संगीत के महान सितारों- उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ (शहनाई) पं. रवि शंकर, उस्ताद हलीम ज़ाफर खान, उस्ताद विलायत खान (सितार) पं. हरिप्रसाद चौरसिया, रोनू मजूमदार (बाँसुरी)वी.जी. जोग, डॉ. एन. राजम (वायलिन)उस्ताद जाकिर हुसैन (तबला) पं. शिवकुमार शर्मा, ओमप्रकाश चौरसिया, भजन सोपोरी, तरुण भट्टाचार्य (संतूर) पं. विश्व मोहन भट्ट, सलिल भट्ट, ब्रज भूषण काबरा (मोहन वीणा) डॉ. अली अकबर खाँ, उस्ताद अमज़द अली खाँ, शरण रानी, रहमत अली खाँ (सरोद) की अनमोल स्वर लहरियों ने अभिनव कला परिषद् के मंच को नई ऊंचाई दी। आप नाम लेते जाइये, कोई नहीं छूटा, जिसने इस मंच पर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा से प्रेक्षकों को सम्मोहित न किया हो।

अभिनव कला परिषद् के मंच पर सजी गीत-ग़ज़ल की महफ़िल में शीर्ष ग़ज़ल गायकों- बेगम अख्तर, तलत महमूद और शोभा गुर्टू से लेकर राजेंद्र मेहता- नीना मेहता, जगजीत सिंह-चित्रा सिंह, पंकज उधास, ए. हरिहरन, अनूप ज़लोटा, पीनाज मसानी, तलत अज़ीज़, चन्दन दास, राजकुमार- इन्द्राणी रिज़वी, अहमद हुसैन- मोहम्मद हुसैन तक.. और पार्श्व गायकों में महेंद्र कपूर, सुधा मल्होत्रा, कृष्णा कल्ले, अनुराधा पौडवाल, सुषमा श्रेष्ठ से लेकर उदित नारायण, अलका यागिनक, कविता कृष्णमूर्ति, रूपकुमार राठौड़,सारिका सिंह तक..सभी ने शाम-ए-ग़ज़ल काखूब समां बाँधा।

शास्त्रीय नृत्य के आयोजनों में सितारा देवी, बिरजू महाराज, गोपी कृष्ण, लीला सेमसन, पुरु दाधीच से लेकर शाश्वती सेन, कमलिनी- नलिनी, जयंती माला- प्रियमाला, शाम्भवी शुक्ला ने परिषद् के मंच को सुशोभित किया है। मालिनी अवस्थी और प्रहलादसिंह टिपाणीया सरीखे लोक गीतों के शीर्ष कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से लोकरंजन को सींचा है। आप नाम गिनते-गिनते थक जाएँगे, पर सूची आधी-अधूरी रहेगी।

पिछले 60 साल से परिषद् अपने सीमित साधनों और जन सहयोग से राजधानी में हर वर्ष चार त्रैमासिक संगीत समारोह 'उत्सव गणतंत्र"वसंत उत्सव"बरखा महोत्सव' और 'युवा खोज' निरंतर आयोजित करती आई है। अभी तक 400 से अधिक समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किये जा चुके हैं, जिनमें 4 हजार से अधिक कलाकारों को अपनी प्रस्तुतियों से कला रसिकों का दिल जीतने का अवसर मिला है। परिषद् की संस्थागत सृजनात्मक यात्रा को मान्यता देते हुए मध्य प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग ने वर्ष 2021 में 'राजा मानसिंह तोमर राष्ट्रीय सम्मान' से विभूषित कर गौरव बढ़ाया है।

परिषद् एक ओर जहाँ स्थापित नामचीन कलाकारों को 'अभिनव कला सम्मान"अभिनव संगीत रत्न' और 'अभिनव शब्द शिल्पी अलंकरण' जैसे सम्मान से नवाज़ती रही है, वहीं बाल एवं युवा प्रतिभाओं को 'कल के कलाकार' जैसा सम्मान प्रदान कर उनकी हौसला अफज़ाई करने में भी पीछे नहीं रही है। शास्त्रीय रागों पर आधारित राज्य स्तरीय युवा गायन प्रतियोगिताकेविजेताओंकोसंस्था ने नकद पारितोषिक देने के बजायतानपुरा, हारमोनियमऔरतबलाजैसेवाद्ययंत्रपुरस्कारमेंदेने





का नवाचार अपनाया है।

'कल्याणजी आनंदजी' जैसी मशहूर फिल्म संगीतकार जोड़ी के आनंदजी भाई और सुप्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा भी संस्था से संरक्षक के रूप में जुड़े हुए हैं. दैनिक भास्कर समाचार पत्र समूह के अध्यक्ष (स्व.) श्री रमेशचंद्र अग्रवाल, परमाली वालेस के श्री सुभाष विट्ठलदास और स्वदेश समाचार पत्र समूह केप्रमुख श्री राजेन्द्रशर्मा की संरक्षक के बतौर मिली सरमायेदारी भी संस्थाको खूब फली है। वर्षों तक मप्र लेखक संघ के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ गीतकार डॉ. रामवल्लभ आचार्य भी संस्था के सक्रिय सहयोगियों में रहे हैं। अखिल भारतीय कला मंदिर के संस्थापक पं. गौरीशंकर शर्मा 'गौरीश' और ख्यात छायाकार कमलेश जैमिनी सहित ढेर सारे जाने-पहचाने चेहरे आपको उनकी टीम के सक्रिय सदस्य के रूप में प्राय: हर आयोजन में नज़र आएँगे।

'मधुबन' अभिनव कला परिषद् की ही एक सहोदरी संस्था है, जो हर साल गुरु पूर्णिमा पर 'गुरु वंदना महोत्सव' आयोजित कर कला और साहित्य के क्षेत्र में गुरु शिष्य परंपरा का मान बढ़ाती रही है। इसमें कला, साहित्य, संस्कृति और पत्रकारिता क्षेत्र के मूर्धन्य हस्ताक्षरों को 'श्रेष्ठ कला आचार्य' सम्मान से विभूषित किया जाता है।

## मंच से परे रहकर, मंच की रौनक बढ़ाने का जज्बा

अभिनव कला परिषद् भोपाल की उन उँगलियों पर गिनी जाने वाली साहित्यिक सांस्कृतिक संस्थाओं में अग्रणी है, जिसने नवाबों के शहर में भारतीय कला और संस्कृति को समृद्ध कर उसके संरक्षण और विकास में अहम् भूमिका निभाई है। जिस संस्था का अपना कोई संस्थागत भवन न हो और न ही सरकारी अनुदान या वित्तीय संसाधन जुटाने के कोई नियमित स्त्रोत हों; ऐसी संस्था केवल व्यापक जनाधार से एकत्र असीम विश्वास की पूंजी के बल पर ही छह दशक से अधिक समय तक अपना अस्तित्व बनाये रखने में कामयाब हो सकती है।

पं. सुरेश ताँतेड़ के कुशल नेतृत्व में परिषद् ने वाकई यह अनूठा काम कर दिखाया है।वर्ष भर वे इन कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटे रहते हैं। सुनियोजित कार्य योजना ही इन विशाल आयोजनों को अपार ख्याति दिलाती रही है।कार्यक्रमों के दौरान वे स्वयं मंच पर अपनी उपस्थिति से अक्सर बचते है। उनका पूरा ध्यान मंच और मंचेतर व्यवस्थाओं पर बना रहता है। चश्में से झाँकती उनकी आँखें हर छोटी बड़ी गतिविधि पर पैनी नज़र रखती हैं।निमंत्रण पत्र हो या कार्यक्रम की मुद्रित विवरणिका; मंच की सजावट हो या दर्शकों की बैठक व्यवस्था; साउंड सिस्टम, हार-फूल और गुलदस्ते से लेकर फोटोग्राफी/ वीडियोग्राफी, जलपान, भोजन, आमंत्रित कलाकारों को लाने-ले जाने, उनके ठहरने की माकूल व्यवस्था का पूरा ख्याल वे संजीदगी से करते हैं।



## अटलजी के सभा से लौटी भीड़ अनूप जलोटा को सुनने उमड़ी

स्मृतियों के झरोखे को खोलते ही पं. सुरेश ताँतेड़ की आँखों में चमक आ जाती है। वे पूरे मनोयोग से आपको यादों की बारात में साथ लिए चलते हैं- भोपाल में अनूप जलोटा का पहला कार्यक्रम हमने रवीन्द्र भवन परिसर में आयोजित किया था। संयोग से उसी दिन शाम को खिरनीवाला मैदान पर अटलजी (स्व. अटल बिहारी वाजपेयी) की आम सभा भी थी। जाहिर है अधिकांश लोगों की रूचि उस दिन अटलजी का भाषण सुनने में थी, अत: अनूप जलोटा को सुनने गिनती के लोग ही पहुंचे। आयोजक के रूप में हम असमंजस में थे कि श्रोताओं के अभाव में कार्यक्रम कैसे शुरू करें..? ..तभी मुझे एक युक्ति सूझी। मैंने आकाश साउंड सिस्टम वालों से (जिन्होंने दोनों जगह माइक और लाउड स्पीकर वगैरह की व्यवस्था की थी) कहा कि जैसे ही अटलजी का भाषण समाप्त हो वे रवीन्द्र भवन परिसर में लगे भोंगों (लाउड स्पीकर) का मुँह सड़क की ओर घुमा दें। यह युक्ति काम आई और अटलजी की आम सभा से लौट रही भीड़ हमारे कार्यक्रम में अनूप जलोटा को सुनने उमड़ पड़ी। हमारे लिये यह बड़े संतोष की बात थी। इसके दस पंद्रह दिन बाद ही अनूप जलोटा का विवाह हो गया, जिसमें हम भी शामिल हुए। उसने अपना हनीमून भोपाल में ही मनाया था..1979 में हमने बीएचईएल के मुक्ताकाशी मंच पर एक अभिनव कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें पहली बार श्रोताओं को विश्व प्रसिद्ध शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ और विख्यात वायलिन वादिका डॉ. (श्रीमती) एन. राजम द्वारा शहनाई और वायलिन वादन की जुगलबंदी सुनने का अद्भुत अवसर प्राप्त हुआ। इस आयोजन से प्राप्त सारी धनराशि हमने उस समय गुजरात में मोरवी के बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ दान कर दी थी..



## लताजी को भोपाल न ला पाने की कसक

यह पूछने पर कि अभिनव कला परिषद् की छह दशक की दास्ताँ में ऐसी कौन सी हसरत अधूरी रही जो लाख चाहने पर भी पूरी न हो सकी; वे तपाक से बताते हैं-लताजी (स्व. लता मंगेशकर) को भोपाल न ला पाने का अफ़सोस आज भी सालता है। हालाँकि कई बार उनसे बम्बई में उनके घर जाकर मिलने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ। 'सुर सिंगार संसद' के कार्यक्रम में भी कई बार उनसे भेंट हुई। पर उन्हें भोपाल लाने में कामयाबी नहीं मिली..

## पैर छूते थे महेन्द्र कपूर

सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक महेन्द्र कपूर से पं. सुरेश ताँतेड़ के आजीवन घनिष्ठ सम्बन्ध रहे। वे बताते हैं- महेन्द्र कपूर से मेरा दिल का रिश्ता था। वे जब भी मिलते थे तो मेरे पैर छूते थे। उन्होंने हर बार हमारा निमंत्रण सहर्ष स्वीकार किया और एक महान गायक होने के बावजूद बगैर किसी नाज-नखरे के अपनी सांगीतिक प्रस्तुति दी। आपको यह जानकर ताज्जुब होगा कि परिषद् के कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिये अपनी फीस लेना तो दूर,वे खुद अपनी ओर से संस्था को ग्यारह हज़ार रूपये भेंट कर गये। मौजूदा दौर के नामचीन पेशेवर गायकों से आप इस तरह के सहृदय व्यवहार और उदारता की कल्पना भी नहीं कर सकते..

## संगीत महर्षियोंको नहीं मानदेय की फ़िक्र

ग्रेमी अवार्ड प्राप्त पं. विश्व मोहन भट्ट ने भी हमारे यहाँ प्रस्तुति देने के लिये कभी कोई फीस नहीं ली। यहाँ तक कि पं. भीमसेन जोशी और पं. जसराज ने भी परिषद् के कार्यक्रम में आने के लिए कभी भी पैसे की बात नहीं की और जो मानदेय हमने दिया, उसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। यह उन महान कलाकारों का बड़प्पन ही कहलाएगा..

पुरानी यादों की जुगाली करते हुए वे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल गौर (जिन्होंने एक ज़माने में भोपाल टेक्सटाइल मिल में उनके मातहत काम किया था) को याद करना हरगिज़ नहीं भूलते- गौर साहब को कैसे भूल सकता हूँ जिन्होंने हमारी संस्था द्वारा आयोजित होली महोत्सव में कई बार अतिथियों को स्वयं अपने हाथों से भोजन परोसा..

## .. और अब पूर्णाहुति

अधिकांश समय मंच से परे रहकर मंच की रौनक बढ़ाने और महफ़िल सजाने का जूनून पालने वाले पं. सुरेश ताँतेड़ को गत वर्ष अचानक कैंसर जैसी घातक बीमारी ने जकड़ लिया है। शारीरिक अस्वस्थता के चलते विवश होकर उन्होंने अब 2025 में 25 जनवरी को 'उत्सव गणतंत्र' और 14-17 मार्च तक आखिरी बार 'वसंत उत्सव' आयोजित कर भारी मन से 'अभिनव कला परिषद्' व 'मधुबन' की सुदीर्घ कला यात्रा को पूर्ण विराम देने की घोषणा कर दी है।

शुभचिंतकों के लिए एक कला मनीषी का यह फैसला शिरोधार्य करना कलेजे पर पत्थर रखने से कम नहीं है। अक्सर एक उक्ति पढ़ने सुनने को मिलती है- काल उसका क्या बिगाड़ेगा जो भक्त हो महाकाल का..! काश, राजाधिराज महाकाल अपने इस भक्त कीसारी पीड़ाहर लें, जो उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण में 1993 से हर शिवरात्रि पर बड़े जतन से संजोता रहा है संगीत महोत्सव 'उत्सव महाकाल' के नाम से..!!

स म्पा द की य

# बीमा कंपनियों का मायाजाल और लोकपाल

चाहे बैंकिंग लोकपाल हो या बीमा लोकपाल, ये केवल नाम के ही लोकपाल हैं। सामान्य तौर पर तो उनकी नियुक्ति के औचित्य पर ही सवालिया निशान लग जाता है। यथार्थ में अस्सी प्रतिशत से ज्यादा लोगों की शिकायतें या तो सुनी ही नहीं जाती हैं या उन्हें खारिज कर दिया जाता है। आज की एक खबर पर गौर किया जाए तो देशभर में बीमा लोकपाल 23 शिकायतें तो बिना सुने खारिज कर देता है। यानि लोकपाल को जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे निभाने की औपचारिकता भी




नहीं दिखती।

खबर में बीमा कंपनी द्वारा मोटर इंश्योरेंस क्लेम खारिज होने से परेशान अश्विन प्रताप सिंह दिल्ली स्थित बीमा लोकपाल के कार्यालय पहुंचे। वहां सुनवाई नहीं हुई। इस पर उन्होंने सीधे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सोशल मीडिया पर गुहार लगाई। वित्त मंत्री ने संज्ञान लेते हुए इसे वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) को टैग कर मदद करने को कहा। अश्विन अकेले नहीं हैं। एक मामले में वित्त मंत्री ने टैग कर दिया, लेकिन हजारों उन मामलों का क्या, जो वित्त मंत्री को टैग नहीं किये जाते हैं।

खबर में बताया गया है कि 16 प्रतिशत में ही अवार्ड मिलता है। अवार्ड का अर्थ बीमा लोकपाल द्वारा शिकायतकर्ता को हुए नुकसान के लिए मुआवजे के रूप में दी जाने वाली राशि से होता है। 27 प्रतिशत मामलों में केवल सिफारिश की जाती है। 15 प्रतिशत मामले कंपनियों के हक में जाते हैं। बाकी शिकायतें या तो वापस ले ली जाती हैं या सुनवाई का इंतजार करती रहती हैं। बीमा लोकपाल का दरवाजा खटखटाने वाले करीब 80 प्रतिशत लोगों को उपभोक्ता फोरम या हाईकोर्ट जाना पड़ता है।

और उपभोक्ता फोरम के मामलों की हालत ये है कि जिन मामलों को लोकपाल ने सुनवाई योग्य ही नहीं माना, उन्हीं में उपभोक्ता फोरम या हाईकोर्ट ने उपभोक्ता के हक में फैसला सुनाया। जिनमें लोकपाल ने ग्राहकों के हक में फैसले दिए, बीमा कंपनियों ने वे फैसले माने ही नहीं। देखा जाए तो उपभोक्ता फोरम के अधिकांश मामले कंपनियां नहीं मानतीं, इसके लिए उच्च स्तर पर जाना पड़ता है या कोर्ट की शरण लेनी पड़ती है।

एक हाईकोर्ट के वकील के एक क्लाइंट की गाड़ी भोपाल में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बीमा कंपनी ने क्लेम देने से मना कर दिया। वो बीमा लोकपाल गए। लोकपाल ने माना कंपनी ने गलत आधार पर दावा ठुकराया। मगर कंपनी ने आदेश मानने से ही इनकार कर दिया। मजबूरन उन्हें हाईकोर्ट जाना पड़ा। कंपनी ने कोर्ट में कहा, बीमा लोकपाल ने गलत आदेश दिया है। मामला अभी कोर्ट में ही विचाराधीन है।

आंकड़े तो आंकड़े होते हैं, लेकिन सही बात यह है कि बीमा एक ऐसी कथित सुविधा है, जिसके मायाजाल में सरकार से लेकर आम आदमी तक उलझ तो जाता है, लेकिन उसे समय पर न्यायोचित क्लेम मिल पाएगा, इसकी कोई गारंटी नहीं होती। बीमा कंपनियां अपने आप को सरकार और कोर्ट से भी ऊपर मानती हैं। हजारों नहीं बल्कि लाखों ऐसे मामले अटके होंगे, जिनमें उपभोक्ता फोरम से लेकर अदालतों ने फैसला दे दिया है, लेकिन बीमा कंपनियां उन पर अमल नहीं कर रही हैं।

बीमा, खासकर वाहनों का बीमा और स्वास्थ्य बीमा, इनमें बहुत ज्यादा लोचा होता है। कई कंपनियों ने तो नोडल कंपनियां भी रख ली हैं। जैसे यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी ने एमडी इंडिया को नोडल कंपनी बनाया हुआ है, जो पत्रकारों का बीमा भी करती है। लेकिन इसमें जितनी परेशानी का सामना बीमा धारकों को करना पड़ता है, उससे बेहतर तो बिना बीमे के इलाज कराना हो जाता है।

स्वास्थ्य बीमा की बात करें तो इतनी शर्तें लाद दी जाती हैं कि हजारों लोग तो हर साल बीमे का प्रीमियम भर देते हैं, उसके बदले उनका इलाज हो ही नहीं पाता है। जिनके पास इलाज के पैसे नहीं होते, उनका तो कई बार बीमा होने के बाद भी इलाज शुरू नहीं हो पाता। बीमार आदमी का इलाज शुरू करने में अस्पताल और बीमा कंपनी की लापरवाही भारी पड़ जाती है। घंटों तक उसे इलाज के लिए इंतजार करना पड़ता है। भोपाल जैसे शहर में ही हजारों बीमित लोगों को सही समय पर इलाज नहीं मिल पाता।

और इन मामलों में बीमा लोकपाल की भूमिका बहुत ही शर्मनाक होती है। वहां हजारों शिकायतें सुनी ही नहीं जाती हैं। बिना सुने खारिज कर दी जाती हैं। सबसे खास बात तो यह है कि बीमा कंपनियां जिस तरह की शर्तें रखती हैं, उनके बारे में लोग जान ही नहीं पाते हैं। और न ही पूरी शर्तें पढ़ पाते हैं। उन्हें पढ़ने भी नहीं दिया जाता। बीमा करते समय कंपनी के अधिकारी जितने उदार होते हैं, मौका पड़ने पर उतने ही कठोर हो जाते हैं। सबसे गंभीर मामला तो बीमा लोकपाल का है, सरकार को कम से कम लोकपाल को अधिक संवेदनशील बनाने की जरूरत है। करोड़ों रुपए का गोलमाल बीमा के जरिये हो रहा है, कम से कम लोगों को समय पर राहत ही मिल जाये।

# मध्यप्रदेश के आंगन में सुशासन का नया अध्याय लिखेगा शराबबंदी का फैसला

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

मां नर्मदा के तट पर बसी मां अहिल्या बाई होलकर की राजधानी महेश्वर में 24 जनवरी 2025 को हुई कैबिनेट की बैठक ने वास्तव में पवित्रता की सुगंध बिखेर दी है। जिस तरह मां नर्मदा पावन हैं, जिस तरह मां अहिल्याबाई होलकर की पावनता है। उसी तरह का फैसला मध्यप्रदेश के पावन धार्मिक नगरों में पूर्णतया शराबबंदी का है। यह बात और है कि इस फैसले के बाद सरकार की जवाबदारी बहुत ज्यादा बढ़ गई है।

फैसले की पावनता बनाए रखना बड़ी चुनौती है। पर एक बार इस परीक्षा की कसौटी पर सरकार खरी उतर गई, तो मोहन का प्रदेश में पूर्णतया शराबबंदी अगला कदम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की इस उम्मीद में पूर्णता के रंग भर देगा। और तब मां अहिल्या की राजधानी महेश्वर में लिया गया यह फैसला पावनता की देहरी को छूने वाला साबित होगा। यह लिखने की वजह बस यही है कि अब तक जिन राज्यों ने शराबबंदी का तमगा हासिल किया है, उन राज्यों में शराब के बारे में पहले से ज्यादा खराब तस्वीरें चर्चा के केंद्र में रही हैं। पर यह बात कहने में कोई गुरेज नहीं है कि मां नर्मदा की पावनता को प्रमाण की जरूरत नहीं है, मां अहिल्याबाई की पवित्रता स्वयंसिद्धा है और नर्मदा तट पर बसी मां अहिल्याबाई की पवित्र राजधानी महेश्वर में मोहन कैबिनेट में हुआ शराबबंदी का पावन फैसला अब 'मोहन' के पावन सुशासन का दर्पण बनेगा। यह 'मोहन' की पावन सोच ही है कि वह 19 धार्मिक स्थलों पर पूर्ण शराबबंदी के फैसले को पहला चरण मानते हुए प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी के लक्ष्य पर पहुंचने की घोषणा कर पा रहे हैं।



जैसा कि खुद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि हमारे मंत्रिमंडल के साथ जो भी निर्णय लिए गए वो माता अहिल्याबाई के सुशासन के कार्यों को आगे बढ़ाने वाले हैं। मध्यप्रदेश में शराबबंदी के पहले चरण में 19 धार्मिक स्थानों पर शराब दुकानें स्थायी रूप से बंद होंगी। इन्हें शिफ्ट नहीं किया जाएगा। इसमें कुछ नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और नगर परिषद शामिल हैं। मां नर्मदा के 5 किलोमीटर के दायरे में भी शराब दुकानें बंद करने की नीति जारी रहेगी। पूरे प्रदेश में की जाने वाली शराबबंदी की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों का यह पहला चरण है।


सरकार का 19 धार्मिक स्थलों और नगर परिषद क्षेत्रों में शराब की सभी दुकानें बंद करने का निर्णय हृदय से स्वागत करने योग्य है। इनमें उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मैहर और अमरकंटक जैसे प्रमुख धार्मिक स्थान शामिल हैं। सभी पवित्र नगरों की बात करें तो नगर निगम क्षेत्र उज्जैन यानि महाकाल की नगरी में शराब की सभी दुकानें बंद रहेंगी। नगर पालिका क्षेत्र दतिया यानि पीतांबरा माई की नगरी में शराब नहीं बिकेगी। नगर पालिका क्षेत्रों में जुगलकिशोर की नगरी पन्ना, मंडला, मुलताई, मंदसौर में भी शराब की दुकानें बंद होंगी। मैहर यानि माता शारदा की नगरी में शराब की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। वहीं नगर परिषद क्षेत्र राजा राम की नगरी ओरछा, ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर, महेश्वर, मंडलेश्वर, चित्रकूट और अमरकंटक में शराब की दुकानें पूरी तरह बंद की जाएंगी। साथ ही ग्राम पंचायत क्षेत्र सलकनपुर, बरमानकलां, कुण्डलपुर, बांदकपुर, बरमानखुर्द और लिंगा ग्राम पंचायत में शराबबंदी की जायेगी। प्रथम चरण में प्रदेश के चयनित इन 19 स्थानों पर पूर्ण शराबबंदी आह्लादित करने वाली है। मोहन की मंशा के अनुरूप सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम से धार्मिक स्थलों की पवित्रता को बनाये रखने में मदद तो मिलेगी ही, साथ ही पारिवारिक और सामाजिक सद्भाव में भी निश्चित ही वृद्धि होगी।

पर चिंता के बादल उमड़-घुमड़कर इस फैसले के क्रियान्वयन के इर्द-गिर्द आकर ठहर जाते हैं। मोहन के इस फैसले से आबकारी, पुलिस और प्रशासन मानो अग्नि परीक्षा के दौर से गुजरने वाले हैं। जिला स्तर के कई नगरों में तो शराब के शौकीन सैकड़ों चेहरे वही होंगे, जो खुद अग्नि परीक्षा में शामिल हैं। हालांकि अभी परीक्षा सीमित दायरे में है। और कड़ाई अगर शराब की बिक्री तक सीमित है, तो यह परीक्षा बहुत आसान भी है। पर जितना भी है, प्रयास बहुत ही अच्छा है और देवी अहिल्या की सोच के अनुकूल भी है। महेश्वर के ऐतिहासिक किले में कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल ने प्रदेश के विकास के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक नीतियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। यह किला अहिल्या माता की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। बैठक की शुरुआत नर्मदा पूजन और अहिल्या माता की राजगद्दी को नमन करने के साथ हुई। मुख्यमंत्री ने इसे राज्य की गौरवशाली परंपरा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का प्रयास बताया।

तो 'विरासत के साथ विकास' के मंत्र पर आगे बढ़ते मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार का मां अहिल्या की राजधानी महेश्वर में हुई डेस्टिनेशन कैबिनेट का 19 धार्मिक स्थलों में शराबबंदी का फैसला यकीनन मनभावन है। हालांकि अभी शराबबंदी शराबबिक्री तक सीमित है, तब भी सरकार बधाई की पात्र है। और यदि शराब के सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध का प्रावधान होता है, तब तो सरकार के प्रति 'आस्था और विश्वास' जैसे शब्द भी फीके नजर आएंगे। पर जो भी हो इतिहास रच गया है और भरोसा यही है कि क्रियान्वयन की सफलता संग शराबबंदी का यह फैसला मध्यप्रदेश के आंगन में सुशासन का नया अध्याय अवश्य लिखेगा।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवसः केवल मतदान ना करे चुने हुवे प्रतिनिधियों पर नजर भी रखे

**जीके छिब्बर**



आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है अनेक जागरूकता के कार्यक्रम है नागरिकों को केवल मतदान करने का ही संदेश नहीं देना है उन्हे मतदान के सदुपयोग के लिए भी जागरूक करना है और नागरिकों को केवल मतदान कर अपने अधिकार की इतिश्री नही करना हैं विजय पार्षद विधायक सांसद पर नज़र भी रखना है ताकि वह अपना प्रतिनिधित्व पूर्ण निष्ठा लगन और ईमानदारी से करे तभी प्रजातंत्र मजबूत होगा सामाजिक संगठनों को सिविल सोसाइटी को भी चुने हुवे जनप्रतिनिधियों पर नज़र रखनी चाहिए विकास कार्यों को जानकारी पर सवाल करते रहना चाहिए प्रजातंत्र की सफलता इसी पर निर्भर है।

सरकार इस पर भी गंभीरता से विचार करे की अंडर ट्रायल आरोपी जो जैल में है मतदान का अधिकार नहीं रखता परंतु चुनाव लड़ सकता है यह कैसा कानून है गंभीर आरोपों के अपराधिक छबि के लोगों को चुनाव में उम्मीदवार बनाने पर राजनेतिक दलों को स्वयं निर्णय लेने चाहिए और चुनाव आयोग को भी ऐसे लोगों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए जब योग्य निष्ठावान समर्पित उम्मीदवार होंगे तो मतदाता स्वयं बड़चड़कर मतदान करेंगे ।

# आर्थिक असमानता एक मात्र कारण मुफ़्त की रेवड़ी

**राकेश दुबे**



आज़ादी के इतने बरस बाद भी यदि देश में गरीबी और आर्थिक असमानता है तो हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है। हम में कम से कम इतना राष्ट्र प्रेम तो होना चाहिए कि निहित स्वार्थों के लिये हम राष्ट्रीय हितों की बलि न चढ़ाएं। दिल्ली के चुनाव में मुफ्त-मुफ्त का जो खेल विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान चल रहा है, उसके जनक विभिन्न राज्यों में कई राजनेता भी रहे हैं। फिलहाल दिल्ली में केजरीवाल की चर्चा ज्यादा है। वे नित नये राजनीतिक प्रलोभन देकर मतदाताओं को अपने पाले में लाने के प्रयास में जुटे हैं।

कुछ समय पहले तक भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने को राष्ट्रीय हितों के लिये घातक बताता था, वही भाजपा केजरीवाल को उसी की मुफ्त वाली नीतियों से मात देने के लिये चुनावी मैदान में उतरी है। पिछले आम चुनाव में चार सौ पार के अरमानों को झटका लगने के बाद भाजपा भी मुफ्त के खेल में उलझ गई है। दौड़ में अब कांग्रेस भी उतर गई है। विडंबना यह है कि जो पैसा दीर्घकालिक विकास कार्यों में लगाया जाना चाहिए था, वह मुफ्त के फेर में फंस गया है।

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जिस भी महकमे ने मुफ्त में सेवाएं देनी शुरू की, उसका भट्ठा ही बैठा है। अब चाहे मुफ्त की बिजली हो, पानी हो या फिर बस सेवा। कमोबेश, यही हाल भारतीय रेलवे का भी है, जो राजनेताओं के किराये बढ़ाने के विरोध के बाद खुद को संभाल नहीं पा रही है। बड़ा तंत्र होने के बावजूद उसके सुरक्षातंत्र को मजबूत बनाने के लिये पर्याप्त लाभ नहीं कमाया जा सका। विडंबना यह भी है कि तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और दूरदर्शी राजनेताओं के अभाव में विकास की रोशनी हर घर तक नहीं पहुंची। लेकिन इसका समाधान मुफ्त के खेल में कदापि नहीं है।

मुफ्त की नीति लोगों को अकर्मण्य बनाती है। जरूरी था कि लोगों को इतना सक्षम बनाया जाता कि उन्हें स्थायी रोजगार का अवसर मिलता। फिर उन्हें मुफ्त मांगने की जरूरत ही नहीं होती। विडंबना यह है कि हमारे परिवार-समाज की धुरी मानी जाने वाली महिलाओं को प्रलोभन देने का खेल राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हो गया है। पहले ये शुरुआत मध्यप्रदेश से हुई। फिर महाराष्ट्र में बहनों के लिये आर्थिक प्रोत्साहन राशि गेम चेंजर साबित हुई। अब वही कवायद दिल्ली के विधानसभा चुनाव में देखी जा रही है। दिल्ली की आप सरकार ने पहले मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत एक हजार रुपये की राशि पात्र महिलाओं को बांटी। अबकी बार आप ने यह राशि बढ़ाकर 2,100 करने की घोषणा की है।

इसी तर्ज पर भाजपा महिला समृद्धि योजना लेकर आई है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को 2,500 रुपये सत्ता में आने पर दिये जाने का वायदा है। इस मुफ्त के खेल में अब कांग्रेस भी उतर गई है, जिसने सभी पात्र महिलाओं को 2,500 मासिक देने की घोषणा की है। भाजपा व कांग्रेस को लगता है कि आप की मुफ्त की राजनीति को मुफ्त के दांव से ही शिकस्त दी जा सकती है।

निस्संदेह, हमारी आधी दुनिया की अर्थव्यवस्था में वह भूमिका तय नहीं हो पायी, जो 21वीं सदी में होनी चाहिए थी। हमारे वंचित समाज की महिलाओं को आर्थिक आजादी दिया जाना तार्किक पहल है। लेकिन उन्हें स्वावलंबी बनाने की जरूरत है न कि याचक के रूप में मुफ्त की आर्थिक सहायता देने की। इससे न केवल सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ता है बल्कि मुफ्त की लत भी बढ़ती है। अर्थशास्त्रियों की राय से सहमत हुआ जा सकता है कि प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद राजकोषीय स्वास्थ्य के लिये खतरनाक है। जो कालांतर दीर्घकालीन विकास के लिये घातक साबित हो सकता है। निश्चित रूप से भारत के चुनाव आयोग को इस गंभीर मुद्दे पर पहल कर चुनावी प्रक्रिया की शुचिता को बनाने और राजकोषीय स्वास्थ्य की रक्षा की दिशा में पहल करनी चाहिए। सही मायनो में मुफ्तखोरी की संस्कृति भारतीय लोकतंत्र का मजाक ही है।

# सिल्वर स्क्रीनः पहला दिन-पहला शो और सीट की जुगाड़ जैसी कई यादों से जुड़े हैं पुराने सिनेमाघर

**– हेमंत पाल**




बदलते समय के साथ बहुत कुछ बदला। जीने का अंदाज, नई जरूरतें, सुविधाएं और यहां तक कि मनोरंजन का तरीका भी नए ज़माने के साथ बदल गया। याद कीजिए दो-तीन दशक पहले फिल्म देखने का आनंद कैसा था! तब आज की तरह घर बैठे टिकट बुक नहीं होते थे और न सीटें आरामदायक होती थीं। उस समय सिनेमाघर की टिकट खिड़की में हाथ घुसाकर मुट्ठी में टिकट थामकर मसले हुए टिकट ऐसे लगते थे जैसे जंग जीतने का प्रमाण पत्र मिल गया हो। उसके बाद हॉल में तीन घंटे तक फिल्म के साथ-साथ कई तरह के मनोरंजन की बात ही अलग थी। आज वो सिर्फ याद बनकर रह गया। अब न वैसे सिनेमाघर बचे न दर्शक। सिंगल स्क्रीन तो करीब-करीब ख़त्म ही हो गए। उनकी जगह ब्रांडेड मल्टीप्लेक्स ने ले ली। पहले 3 रुपए 20 पैसे में दर्शक बॉलकनी में अकड़कर बैठता था, आज वही टिकट 500 रूपए से शुरू होकर एक हजार रूपए से ज्यादा में मिलता है। उसमें भी सुविधा के मुताबिक पैसे लिए जाते हैं। तात्पर्य यह कि अब दर्शकों का फिल्म देखने अंदाज ही नहीं बदला, सुविधाएं भी जेब पर असर डालने लगी।

फिल्में बनना, उनका रिलीज होना और फिर थिएटर में जाकर दर्शकों का उन्हें एंजॉय करना, मनोरंजन की दुनिया में ये सब रोज होता आया है। इसके पीछे सिर्फ एक ही मकसद होता है कि दर्शकों को अपनी फिल्म तक खींचना और उसके जरिए कमाई करना। आज करीब हर शहर में मल्टीप्लेक्स थियेटर हैं, जहां दर्शक आरामदायक सीटें, बेहतर साउंड क्वालिटी के साथ फ़िल्म एंजॉय करते हैं। लेकिन, पीछे मुड़कर देखा जाए, तो एक दौर वह भी था, जब सिर्फ सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर हुआ करते थे। फिर भी इनका अलग ही क्रेज था। दर्शकों को थियेटर की सुविधाओं से कोई वास्ता नहीं था। बस बैठने के सीट हो और सामने परदे पर जब फिल्म दिखाई दे कोई अड़चन न आए। पुराने समय में फिल्में बनाना भी कम बड़ी चुनौती नहीं थी। क्योंकि, उस समय काल में फिल्म बनाने की तकनीक आज की तरह विकसित नहीं थी। फिल्म पूरी होने के बाद हर निर्माता-निर्देशक की उम्मीद होती है कि उसे बेहतर ढंग से रिलीज किया जा सके। पहले उनकी इस उम्मीद को सिंगल स्क्रीन पूरा करते थे, आज वही भूमिका मल्टीप्लेक्स निभाते हैं।

अब तो फिल्म का अर्थशास्त्र बदल गया। पहले सिल्वर और गोल्डन जुबली यानी 25 और 50 हफ्ते चलने वाली फिल्म ही सुपर हिट कहलाती थी। आज तो पहले शो से अंदाजा लगा लिया जाता है। दो या तीन हफ्ते चलने वाली फिल्म भी हिट हो जाती है। इसलिए कि अब फिल्म कमाई सिर्फ दर्शकों के टिकट की खरीद पर ही निर्भर नहीं रह गई। फिल्मकारों ने इस कारोबार में ऐसे कई नए विकल्प खोज लिए, जो उनकी कमाई के नए रास्ते खोलती है। फ़िल्मों के डिजिटल, सैटेलाइट और म्यूजिक राइट्स बेचकर भी फिल्म निर्माता पैसे कमाता है। फिल्मों के रीमेक, प्रीक्वल, सीक्वल, और डबिंग राइट्स बेचकर भी कमाई की जाती है। इसके अलावा ओवरसीज राइट्स, म्यूजिक राइट्स से भी पैसा कमाया जाता है। इसके बाद फिल्म के प्रदर्शन पर निर्भर है कि फिल्म से कितना मुनाफा होगा।

कई निर्माता विदेश में शूटिंग करके मिलने वाली छूट से भी कमाई करते हैं। जैसे लंदन में शूटिंग करके। इसके बाद आता है बॉक्स ऑफिस। लेकिन, यह सब फिल्म के प्रदर्शन पर निर्भर होता है। यदि फिल्म दर्शकों की पसंद पर खरी उतरी तो सारे राइट्स से कमाकर देते हैं। यदि ऐसा नहीं हुआ तो सारे राइट्स का कोई मतलब नहीं रह जाता। इस नए ट्रेंड से निर्माता को ये फ़ायदा हुआ कि भले ही उसकी फिल्म नहीं चले पर प्रोडक्शन कास्ट तो निकल ही आती है। याद करें राज कपूर की फिल्म 'मेरा नाम जोकर' को। इस फिल्म की असफलता ने उन्हें करीब-करीब बर्बाद कर दिया था। जबकि, आज यह स्थिति किसी निर्माता के सामने होती, तो हालात इतने बुरे नहीं होते।

बड़े परदे पर फ़िल्में देखने की शुरुआत सिंगल स्क्रीन सिनेमाघरों से ही हुई। सिंगल स्क्रीन थिएटर की परिभाषा इसके नाम में ही छुपी है। सिंगल स्क्रीन उन्हें कहा जाता है, जहां एक स्क्रीन हो और उस पर रोज फिल्म के 4 शो दिखाए जाते हैं। अकेला स्क्रीन होने की वजह से इन्हें सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर कहा जाता है। कुछ ऐसे थिएटर आज भी बड़े शहरों में मिल जाते हैं। आज के दौर में सिंगल स्क्रीन सिनेमाघरों की तुलना में मल्टीप्लेक्स का क्रेज बढ़ गया। ऐसे सिनेमाघर वे होते है, जहां एक से ज्यादा स्क्रीन होती हैं। कई अलग-अलग फिल्में एक साथ चलती हैं। आज मल्टीप्लेक्स का चलन बहुत ज्यादा बढ़ गया। इनकी बनावट और सीट का दायरा भी अलग रहता है। जहां सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर में फर्स्ट क्लास और बालकनी के दो सीटिंग फॉर्मेट होते हैं। वहीं, मल्टीप्लेक्स थिएटर इससे अलग नजर आते हैं। मल्टीप्लेक्स में सीटिंग फॉर्मेट प्लैटिनम, गोल्ड और सिल्वर कैटेगरी के हिसाब से बंटा होता है।

मुंबई में 1947 में लिबर्टी सिनेमाघर बना था। इस सिनेमा हॉल को हबीब हुसैन ने बनाया था और इसका आर्किटेक्चर फ़्रांस से प्रभावित रहा। यह आजादी का साल था, इसलिए इसका नाम 'लिबर्टी' रखा गया। ये अपने आप में कुछ खास सिनेमाघर रहा। इस सिनेमाघर में फिल्म का प्रदर्शन खास हुआ करता है। 1960 में फिल्म 'मुगल ए आजम' का प्रीमियर हुआ था। यहां 'मदर इंडिया' 25 अक्टूबर 1957 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म पूरे साल यहां लगी रही, जो अपने आप में उस दौर का 1 रिकॉर्ड था। इसके बाद 1994 में सलमान खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म 'हम आपके हैं कौन' इस सिनेमाघर में 105 दिनों तक चली थी। राज कपूर भी इस सिनेमाघर के मुरीद रहे। उनकी कई बड़ी फ़िल्में यहां रिलीज हुई, उनमें 'राम तेरी गंगा मैली' भी थी। यहां प्रेस प्रीव्यू और प्राइवेट स्क्रीनिंग के लिए इसकी पांचवी मंजिल पर 30 सीट का 'लिबर्टी मिनी' भी बनाया गया था।

**इंदौर में 'सिनेमा म्यूजियम'**

मध्य प्रदेश के सबसे बड़े शहर इंदौर में 20 साल पहले तक 30 से ज्यादा सिंगल स्क्रीन टॉकीज थे। लेकिन, अब वो स्थिति नहीं रही। अब यहां देश के सभी बड़े ब्रांड वाले मल्टीप्लेक्स के साथ ओपन एयर ड्राइव इन थिएटर भी है। इस बीच इंदौर के एक व्यवसायी ने सिंगल स्क्रीन सिनेमा की यादों को धरोहर के रूप में संजो लिया। यह देश का अकेला सिंगल स्क्रीन म्यूजियम है। इसमें इंदौर के 30 से ज्यादा टॉकीज से जुड़े फोटो, टिकट, स्लाइड, प्रोजेक्टर, पोस्टर्स सहित कई चीजें रखी गई हैं। 1917 से लेकर 2000 के दशक तक का कलेक्शन है। विनोद जोशी को सिनेमा से जुड़ी यादें सहेजने का शौक 1983 से था।

2015 में उन्होंने इस शौक को इस तरह पूरा किया। उन्होंने अपने सिनेमा म्यूजियम की टिकट दर भी इतनी ही रखी है, जितनी उस दौर में सिनेमा की टिकट (1 रुपए 60 पैसे) थी। इस थिएटर को देखने में करीब आधा घंटा लगता है। उनके कलेक्शन में किस साल, किस महीने में, किस टॉकीज में कौन सी पिक्चर चली, उसके विज्ञापन, पोस्टर कैसे होते थे वह सब शामिल है। प्रोजेक्टर से परदे पर फिल्म कैसे दिखाई जाती थी, उसे वे खुद प्रोजेक्टर चलाकर बताते हैं। इंटरवल में विज्ञापन के रूप में कौन-कौन सी स्लाइड चलती थी। नई फिल्मों के ट्रेलर की स्लाइड भी दिखाते हैं। उन्होंने इंदौर के पुराने श्रीकृष्ण टॉकीज का भी मॉडल बनवाया। ऐसे ही अन्य टॉकीजों के भी मॉडल हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# सीएम डॉ. यादव ने मण्डलेश्वर में 1042.24 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास




खरगोन= मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आज खरगोन जिले के मण्डलेश्वर का दौरा क्षेत्र के लोगों के लिए अनेक सौग़ातें लेकर आया। यहाँ आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने ना केवल महेश्वर-जानापाव उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया वरन विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महेश्वर-जानापाव उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना का नाम माता अहिल्या बाई के नाम पर करने की घोषणा की।

0मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न विकास कार्यों हेतु 1042.24 करोड़ रूपए की लागत के कुल 27 कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को सौगात दी। उन्होंने किसानों, महिलाओं, बेरोज़गारों को रोज़गार दिलाने के सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में लगभग 02 लाख अस्थायी पंप धारक किसानों को 03 हॉर्स पावर से लेकर 7.5 हॉर्स पावर तक के सोलर पंप खरीदने में सरकार सहायता प्रदान करेगी। इसमें किसानों को केवल 10 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा। इसी प्रकार नारी सशक्तिकरण की दिशा में नई योजना तैयार की गई है। इसके तहत प्रदेश की महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण सहित हर क्षेत्र में समर्थ बनाया जाएगा। उन्होंने शराब बंदी के लिए नीतिगत निर्णय का ज़िक्र करते हुए कहा कि हमने तय किया है कि राज्य धीरे-धीरे शराबबंदी की तरफ बढ़े, इस क्रम में निर्णय किया गया है। पहले चरण में प्रमुख धार्मिक नगरों में शराब दुकानें बंद की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने इन दिनों रिजनल इंडस्ट्री समिट के माध्यम से उद्योगों के स्थापना की दिशा में बड़ा काम किया है। इससे रोजगार की चाहत रखने वाले युवाओं को लगभग तीन लाख रोजगार के अवसर मिलेंगे।

### लोकार्पण/शिलान्यास

शिलान्यास के 7 कार्यों की लागत 994.72 करोड़ रूपए एवं लोकार्पण के 20 कार्यों की लागत राशि 47.52 करोड़ रूपए शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महेश्वर-जानापाव माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना लागत 982.59 करोड़ रूपये का शिलान्यास किया। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास कसरावद लागत 4.04 करोड़ रूपए, अनुसूचित जनजाति यूनियर बालक छात्रावास कालधा लागत 4.04 करोड़ रूपए, कन्या शिक्षा परिसर महेश्वर 1750 मीटर एप्रोच रोड कार्य की लागत 3.06 करोड़ रूपए, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय खरगोन 280 मीटर एप्रोच रोड लागत 0.47 करोड़ रूपए, रिटनिंगलवाल निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 7 राज्य वित्त आयोग कार्य लागत 0.27 करोड़ रूपए एवं वाटर बॉडी परियोजना इंटेकवेल के पास नर्मदा तट का सुदृढ़ीकरण एवं पुनरूद्धार-अमृत 2.0 कार्य लागत 0.25 करोड़ रूपये के कार्यों का शिलान्यास किया गया।

इसी प्रकार लोकार्पण कार्यों में भीकनगांव में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन की लागत 6.40 करोड़ रूपए, बड़वाह में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भवन लागत 1.31 करोड़ रूपए, मोहनपुरा में नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य लागत 5.71 करोड़ रूपए, नागझिरी में आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास का निर्माण लागत 4.08 करोड़ रूपए, बरूड़ में आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास का निर्माण लागत 4.02 करोड़ रूपए, खरगोन जिले के मातापुरा में उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भवन में 06 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य लागत 2.72 करोड़ रूपए, डोगरगांव में उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भवन में 06 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य लागत 2.70 करोड़ रूपए, ऊन में उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भवन में 06 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य लागत 2.63 करोड़ रूपए, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय झिरन्या अंतर्गत ऑडिटोरियम भवन कार्य लागत 2.00 करोड़ रूपए, खरगोन के शासकीय पीजी महाविद्यालय में 06 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 3.87 करोड़ रूपए, भीकनगांव में शासकीय महाविद्यालय में 06 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 3.87 करोड़ रूपए, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के कार्यालय का नवीन भवन लागत 1.25 करोड़ रूपए, म्हारो मण्डलेश्वर वॉल सेल्फी प्वाईन्ट विशेष निधि लागत 0.26 करोड़ रूपए, ऑफिस बिल्डिंग एक्स्टेंशन कार्य वार्ड क्रमांक 01 मुख्यमंत्री शहरी अधोहसंरचना विकास योजना चतुर्थ चरण कार्य लागत 0.24 करोड़ रूपए, पार्क निर्माण/ग्रीन स्पेस परियोजना-अमृत 2.0 कार्य लागत 0.14 करोड़ रूपए, भवानी माताजी के मंदिर से बीएसएनएल ऑफिसर तक सीसी रोड कार्य लागत 2.99 करोड़ रूपए, आश्रय स्थल कालीदास मैदान कार्य लागत 0.57 करोड़ रूपए, वार्ड क्रमांक 2, 14 एवं 09 में बीटी एवं सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 0.82 करोड़ रूपए, वार्डकर्मांक 10, 12, 14, 1, 5, 2 में सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 0.94 करोड़ रूपए तथा महेश्वर में सामुदायिक सुविधाओं का विकास कार्य की लागत 1.00 करोड़ रूपए शामिल हैं।

### 3 जिले के 123 गांवों में सिंचाई के लिए पहुंचेगा नर्मदा का पानी

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 982 करोड़ 59 लाख रुपये की महेश्वर-जानापाव उद्वहन सिंचाई परियोजना के पूर्ण होने पर खरगोन जिले की महेश्वर, धार जिले की पीथमपुर एवं इंदौर जिले की महू तहसील के कुल 123 ग्रामों के किसानों के खेत में सिंचाई के लिए नर्मदा का जल पहुंचेगा। इससे इन गांवों के किसानों का कृषि उत्पादन बढ़ेगा और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम को खेल युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री एवं खरगोन जिले के प्रभारी मंत्री श्री विश्वास सारंग, सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण विधायक राजकुमार मेव ने दिया।

### *मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया केलेन्डर का विमोचन*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर की



300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद जिला खरगोन की ओर से वर्ष 2025 का केलेण्डर का विमोचन किया गया।

केलेण्डर में मुख्यमंत्री जी के द्वारा दशहरा पर्व पर मातुश्री की राजगादी पर किये गये पुष्प अर्पण और शस्त्र पूजन के चित्र प्रदर्शित किये गये हैं। शिव भक्तिनी मॉ अहिल्यादेवी होल्कर की शाही पालकी तथा उनके द्वारा किये गये पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं मॉ अहिल्या के माता पिता, मातुश्री का जन्म स्थल तथा उनके पति एवं पूजा के स्थल के चित्र शामिल किए गये हैं। कैलेण्डर में मॉ अहिल्या देवी जी द्वारा जारी की गई मुद्राएं, शस्त्र और शास्त्र के साथ उनकों राज कार्य करते हुए दर्शित किया गया है। साथ ही कैलेण्डर में महेश्वर किला एवं घाट के विहंगम दृश्य एवं निमाड उत्सव के चित्रों की प्रस्तुति की गई है।

### देवी मॉ अहिल्या बाई की जीवनी पर आधारित बुक लेट का भी विमोचन किया

पुण्य श्लोका देवी अहिल्याबाई के यशस्वी जीवन पर आधारित गौरव गाथा के सबंध में जिला प्रशासन की भावपूर्ण प्रेरक प्रस्तुति के रूप में तैयार की गई पुस्तिका का ऐतिहासिक पलों के बीच मुख्यमंत्री जी एवं मंत्री परिषद् के सदस्यों की उपस्थिति में विमोचन किया गया।

गौरव गाथा के निर्माण में अपनी प्रतिभा, प्रज्ञा, साधना और श्रम से संघर्षमय परिस्थितियों में अपनी और अपने देश के स्वाभिमान की रक्षा के लिये लोकमाता अहिल्याबाई ने सबलानारी होने का प्रमाण दिया है। लोकमाता का चरित्र देश की तरूणाई के लिए प्रेरणादायक रहा है। वे करूणारूपी, प्रजावत्सला राजमाता किसी देवी के अवतार के रूप थी। बचपन से ही धर्म के प्रति उनमें अगाध श्रद्धा और दृढता का भाव रहा है।

एक भारतीय वीर नारी की भाँति उन्होंने जिम्मेदारी का निर्वहन किया। वह झंझावतो से डटी रही, नारी जागरण के लिए अग्रदूत बनकर आई। होल्कर वंश की इन दीपशिखा का प्रकाश सदियों से जगमगाता रहा है और जगमगाता रहेगा। भारतीय इतिहास में मॉ साहेब के नाम से अमर है। शस्त्र और शास्त्र दोनों विधाओं में कुशल देवी माँ का यश रेवा के जल की तरह उज्जवल निर्मल विमल और धवल है।

पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन खरगोन द्वारा संकलित की गई यह बुकलेट कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क प्रदाय की जा रही है। जो छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगी।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, श्री सुमेर सिंह सोलंकी, श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, श्रीमती कविता पाटीदार, श्री बालकृष्ण पाटीदार, श्री सचिन बिरला सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। आरम्भ में बालिका पूजन हुआ और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

# सिंघानिया बिल्डकॉन के सीएमडी सुबोध सिंघानिया ने योग गुरु बाबा रामदेव और पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से की आत्मीय भेंट, पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत





रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक मीडिया संस्थान के एनिवर्सरी अवसर रायपुर पहुंचे योग गुरू बाबा रामदेव और पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का शहर में नामचीन हस्तियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर सिंघानिया बिल्डकॉन के सीएमडी सुबोध सिंघानिया ने योग गुरू बाबा रामदेव और बागेश्वर धाम पीठापति पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

# मंत्रि-परिषद: 17 नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शराब बंदी का निर्णय




भोपाल = मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक शुक्रवार को लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर में हुई। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के 17 नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मदिरा को प्रतिबंधित किए जाने की स्वीकृति दी है। निर्णय अनुसार उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मण्डला, मुलताई, मंदसौर और अमरकंटक की सम्पूर्ण नगरीय सीमा में एवं सलकनपुर, कुण्डलपुर, बांदकपुर और बरमानकला की ग्राम पंचायत सीमा में समस्त मदिरा दुकानों एवं बार को बंद किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 17 नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को पूर्णतः पवित्र घोषित किया गया है।

**देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन के क्रियान्वयन की स्वीकृति:** मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में महिलाओं के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के उद्देश्य से विमेन लीड डेवलपमेंट प्रयास को समन्वित रूप से लागू करने के लिए देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन के क्रियान्वयन का सैद्धांतिक अनुमोदन दिया है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास में चार वर्गों यथा युवा, महिला, किसान और गरीब को आधार स्तम्भ के रूप में परिभाषित किया है। इसी अनुक्रम में देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन प्रारम्भ किया जाएगा। मिशन के प्रमुख उद्देश्यों में महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक विकास एवं सुरक्षा, महिलाओं एवं बालिकाओं तक विभिन्न सरकारी सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना, महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन व समाज में आर्थिक भागीदारी बढाने के लिए एकीकृत प्रयास करना, समाज में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन के लिए पुरुष संवेदनशीलता बढाने वाली जागरूकता विकसित किया जाना शामिल है।

मिशन के प्रमुख लक्ष्यों में जन्म के समय लिंगानुपात में 5 अंक प्रति हज़ार की वृद्धि करना, बालिकाओं की 10 या उससे अधिक वर्षों की स्कूली शिक्षा में 5त्र की वृद्धि करना, मातृ मृत्यु दर में 10 अंक की कमी लाना, महिला के विरुद्ध अपराध में 5 अंक की कमी लाना, बाल विवाह को रोकने और महिला श्रमबल भागीदारी दर में 3त्र की वृद्धि करना शामिल है।

देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन के प्रमुख घटक में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा और जीवन कौशल, आर्थिक स्वावलंबन, सुरक्षा एवं संरक्षण और संवाद से व्यवहार परिवर्तन है।

**प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना÷ में सोलर कृषि पम्प शामिल किए जाने की स्वीकृति:** मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में कृषक/कृषकों के समूह को कृषि पम्प कनेक्शन प्रदान करने के लिए ÷प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना÷ में वर्तमान में प्रचलित ÷मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना÷ अंतर्गत सोलर कृषि पम्प भी दिया जाना सम्मिलित किए जाने का निर्णय लिया है। निर्णय अनुसार ÷प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना÷ की अनुदान व्यवस्था को संशोधित किया गया है। अब योजना के अंतर्गत परियोजना लागत का श्रेणीवार 5 प्रतिशत अथवा 10 प्रतिशत कृषक द्वारा मार्जिन मनी के रूप में दिया जाएगा। शेष राशि के लिए कृषक द्वारा ऋण लिया जाएगा, जिस ऋण के भुगतान का पुरा दायित्व राज्य शासन का होगा।

राज्य शासन द्वारा उक्त ऋण का भुगतान सोलर कृषि पंप लगने की वजह से कृषि उपभोक्ताओं के लिए ÷अटल कृषि ज्योति योजना÷ एवं अन्य योजनाओं के अंतर्गत वितरण कंपनियों को देय सब्सिडी में हुई बचत से ऋण का भुगतान किया जा सकेगा। योजना के प्रथम चरण में अस्थायी विद्युत संयोजन वाले उपभोक्ताओं अथवा अविद्युतिकृत कृषकों को सोलर पंप का लाभ दिया जाएगा। योजना के आगामी चरणों में स्थायी विद्युत पंप उपयोग कर रहे कृषकों को भी सोलर पंप दिया जाना प्रस्तावित है। इसका क्रियान्वयन राज्य में मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम द्वारा केन्द्र सरकार की ÷कुसुम योजना÷ के घटक 'ब' अंतर्गत किया जायेगा। सोलर पम्प की स्थापना से विद्युत पम्पों को विद्युत प्रदाय के लिए राज्य सरकार पर अनुदान के भार को सीमित किया जा सकेगा एवं विद्युत वितरण कम्पनियों की वितरण हानियों को कम किया जा सकेगा।

मध्यप्रदेश एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग कॉमिक्स और विस्तारित रियलिटी नीति-2025 की स्वीकृति।

# 4 और निजी स्कूलों को बढ़ाई गई 38 करोड़ रूपये की फीस 30 दिन में वापस करने के आदेश, 2-2 लाख की शास्ति भी अधिरोपित

जबलपुर= निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही के तहत कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में गठित जिला समिति ने चार और निजी स्कूलों को अवैधानिक रूप से बढ़ाई गई फीस को अमान्?य करते हुए विद्यार्थियों के अभिभावकों को 30 दिन के भीतर नियम विरूद्ध बढ़ाई गई फीस वापस करने के आदेश दिये हैं। जिन निजी स्कूलों को अवैध रूप से बढ़ाई गई फीस वापस करने के निर्देश दिये गये है उनमें केंट स्थित सेंट जोसेफ कॉन्वेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रांझी स्थित गैब्रियल हायर सेकेंडरी स्कूल, मंडला रोड स्थित दिल?ली पब्लिक स्कूल एवं संजीवनी नगर स्थित रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन तीनों निजी स्कूलों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2018-19 से लेकर 2024-25 तक 63 हजार 009 विद्यार्थियों से 38 करोड़ 09 लाख रूपये फीस के रूप में अवैध रूप से वसूले गये थे। अवैधानिक रूप से की गई फीस वृद्धि को अमान्य करने की यह कार्यवाही अभिभावकों से प्राप्त शिकायतों पर विस्तृत जांच उपरांत की गई है। अवैध रूप से वसूली गई राशि अभिभावकों को वापस करने के आदेश जारी किये जाने के साथ-साथ इन निजी स्कूलों के प्रबंधन पर मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं 2020 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के कारण दो-दो लाख रूपये की शास्ति भी अधिरोपित की गई है। स्कूल प्रबंधकों को शास्ति की राशि 30 दिन के भीतर आयुक्त लोक शिक्षण मध्यप्रदेश के एचडीएफसी बैंक के खाते में जमा कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पावती प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मुताबिक मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 के तहत गठित जिला समिति द्वारा जांच के बाद केंट स्थित सेंट जोसेफ कॉन्वेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधन को शैक्षणिक सत्र 2018-19 से शैक्षणिक सत्र 2024-25 तक 21 हजार 827 विद्यार्थियों से फीस के तौर पर अवैधानिक रूप से वसूली गई 10 करोड़ 90 लाख रूपये की राशि, रांझी स्थित गैब्रियल हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधन को 27 हजार 240 विद्यार्थियों से 17 करोड़ 42 लाख रूपये की अवैधानिक रूप से वसूली गई राशि, मंडला रोड स्थित दिल?ली पब्लिक स?कूल के प्रबंधन को 9 हजार 828 विद्यार्थियों से 6 करोड़ 97 लाख रूपये की अवैधानिक रूप से वसूली गई राशि एवं संजीवनी नगर स्थित रॉयल सीनियर सेकेंडरी स?कूल के प्रबंधन को 4 हजार 114 विद्यार्थियों से अवैधानिक रूप से वसूली गई 3 करोड़ 61 लाख रूपये की अवैधानिक रूप से वसूली गई राशि वापस करने के आदेश दिये गये हैं। जिला समिति के सदस्य सचिव एवं जिला शिक्षा अधिकारी घनश?याम सोनी द्वारा जारी आदेश में इन स्कूलों के प्रबंधन को निर्देश दिये गये हैं कि अवैधानिक रूप से बढ़ाई गई फीस की राशि 30 दिन के भीतर अभिभावकों को उसी रीति से वापस की जाये, जिस रीति से फीस प्राप्त की गई थी।

# पर्वतारोही भावना ने 6,961 मीटर ऊंची माउंट एकांकागुआ की चोटी पर की चढ़ाई, रचा इतिहास

## अगर मैं कर सकती हूं, तो हर बेटी कर सकती है, सभी महिलाओं को भावना ने दिया संदेश

भोपाल। भारत की बेटी भावना डेहरिया ने दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट एकांकागुआ (6,961 मीटर) पर चढ़कर एक नया इतिहास रचा दिया है। उन्होंने यह सफलता %बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ% योजना की 10वीं सालगिरह पर हासिल की।

भावना ने 22 जनवरी 2025 को 6,961 मीटर ऊंची चोटी पर चढ़ाई की। यह उतना आसान नहीं था, इस चढ़ाई को दो हफ्ते लग गए, बेहद ठंडे मौसम और मुश्किल रास्तों को पार करने के बाद कई पड़ावों से होते हुए भावना चोटी तक पहुंच पाई।

यह भावना की दुनिया के सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों में से पांचवीं सफलता रही। इसके पहले भावना माउंट एवरेस्ट, फिर किलिमंजारो, कोसिउस्को और एलब्रुस पर चढ़ाई कर चुकी हैं। बता दें कि भावना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर हैं। साथ ही उन्होंने अपनी 3 साल की बेटी सिद्धि के साथ एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचने का रिकॉर्ड भी बनाया है।

कैसे शुरु हुई माउंट एकांकागुआ की यात्रा?: भावना की एकांकागुआ की यात्रा 11 जनवरी 2025 को होर्कोनेस वैली के रास्ते से शुरू हुई। यह एकांकागुआ पर्वत पर चढ़ने का सीधा रास्ता है। एकांकागुआ नेशनल पार्क से शुरू करके, भावना और उनकी टीम पहले कॉन्फ्लुएंसिया बेस कैंप पहुंची। वहां से प्लाजा फ्रांसिया (4,300 मीटर) तक जाकर वे मौसम के अनुसार होने की तैयारी करने लगे। अगले कुछ दिनों में टीम ने कई पड़ावों को पार किया- प्लाजा डी मूलस बेस कैंप (4,300 मीटर), कैंप निडो डी कॉन्डोरेस (5,365 मीटर), और कैंप कोलेरा (6,000 मीटर)।

रास्ते में भावना और उनकी टीम को बेहद खराब मौसम का सामना करना पड़ा। तापमान -13एष्ट से -27एष्ट तक गिर गया। खराब मौसम के कारण उन्हें बेस कैंप में दो दिन और कैंप-2 में एक दिन ज्यादा रुकना पड़ा। आखिरकार 22 जनवरी को, कैनालेटा सेक्शन की चुनौतियों को पार करते हुए भावना ने एकांकागुआ की चोटी पर कामयाबी हासिल की।

बता दें कि यह उनकी दूसरी कोशिश थी। 2019 में वे 6,500 मीटर तक पहुंची थीं, लेकिन खराब मौसम के कारण वापस लौटना पड़ा था। इस बार उन्होंने अपनी पहली कोशिश की कमी को पूरा किया और इतिहास रच दिया।

मैं अध्यक्ष के रूप में नहीं आपके कार्यकर्ता भाई के रूप में आपके साथ खड़ा रहूंगा: शेषराव यादवइस अभियान को जेपी ग्रुप और दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड ने अपनी मदद से संभव बनाया। इन कंपनियों ने भावना

# मैं अध्यक्ष के रूप में नहीं आपके कार्यकर्ता भाई के रूप में आपके साथ खड़ा रहूंगा: शेषराव यादव

## संगठन सर्वोपरि होता है और संगठन में कोई बड़ा छोटा नहीं होता

छिंदवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव पुनः सर्व सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने के उपरान्त शुक्रवार को छिंदवाड़ा पहुंचे। छिंदवाड़ा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव का अभूतपूर्व स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव सर्वप्रथम खुनाझिर स्थित हमारे हनुमान मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने हनुमानजी की पूजा आराधना की जिसके उपरान्त उन्होंने अनगढ़ हनुमान मंदिर में पूजन करने उपरान्त नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव जिला भाजपा कार्यालय लालबाग रोड पहुंचे। जहां पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम को नवनियुकी जिलाध्यक्ष शेषराव यादव नें संबोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव




यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं जिलाध्यक्ष के रूप में नहीं बल्कि भाजपा के एक कार्यकर्ता भाई के रूप में आपके साथ खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा में संगठन सर्वोपरि होता है और संगठन में कोई बड़ा या छोटा नहीं होता। उन्होंने कहा कि भाजपा संस्कारवान पार्टी है और भाजपा का कार्यकर्ता देवतुल्य होता है जो विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में भाजपा ने लगातार जीत हासिल की है और भाजपा की विजय यात्रा यहां रुकने वाली नहीं है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता देवतुल्य की उपाधि ऐसे ही नहीं दी गई है, उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने संगठन की सेवा में पूरा जीवन निकाल दिया लेकिन कभी अपेक्षा नहीं की। उन्होंने कहा कि ये वरिष्ठ कार्यकर्ता हमारे संगठन की अमूल्य धरोहर हैं। कार्यकर्ताओं को सभी वरिष्ठ नेताओं द्वारा संबोधित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ पूर्व विधायक पं रमेश दुबे, चौधरी चंद्रभान सिंह, ताराचंद बाबरिया, नथन शाह, प्रियवर सिंह ठाकुर, उत्तम ठाकुर, रमेश पोफली, अजय सक्सेना, संजय पटेल, धर्मेंद्र मिगलानी, विजय पांडे, कमलेश उईके, दिन्शु यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थिति रहे

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
डी.डी.ए. कृषि विभाग छतरपुर
जिला छतरपुर मप्र

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
अभिषेक गोस्वामी पटवारी
पटवारी हल्का बगौता तहसील व
जिला छतरपुर मप्र

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं

रवि कुमार श्रीवास
प्रोपर्टी के विक्रेता सौरा रोड गौतम
नगर तहसील व जिला छतरपुर मप्र

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
अजय पटैरिया
सेवा निवृत फॉरेस्ट एस.डी.ओ. सटई रोड
तहसील व जिला छतरपुर मप्र

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
परिवहन अधिकारी
क्षैत्रीय परिवहन कार्यालय
तहसील व जिला छतरपुर मप्र

गुड मोर्निंग इंडिया फूड्स
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
प्रो. शैलेन्द्र असाटी
ओद्योगिक क्षेत्र चंद्रपुरा तहसील व जिला छतरपुर मप्र
मो. नं. 7989266400, 9993835159,
7828879927

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
श्रीमती जानकी चौबे
अल्प बचत एजेंट, सागर रोड
तहसील व जिला छतरपुर मप्र

गणतंत्र
दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं

परमानंद विश्वकर्मा
कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष
तहसील व जिला
छतरपुर मप्र

कीर्ति विश्वकर्मा
पार्षद एवं पूर्व पिछड़ा वर्ग
कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष
तहसील व जिला छतरपुर मप्र

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं

प्रजय जैन (छोटू)
को भाजपा मंडल अध्यक्ष
बनने पर हार्दिक
शुभकामनाएं
नैनपुर, जिला मंडला मप्र

अर्स फुट वियर परिवार की ओर से
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
हमारे प्रतिष्ठान में लेडीज, जेंटस एवं बच्चों के जूता,
चप्पल के थोक एवं फुटकर विक्रेता
प्रो. अरबाज खान
बस स्टेंड नं. 2, तहसील व जिला छतरपुर मप्र
मो. नं. 7828172033

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
प्रभात चौधरी
संचालक बिन्द्रावन मैरिज गार्डन महोबा रोड
तहसील व जिला छतरपुर मप्र

























गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
दिनेश पटेल
अध्यक्ष
ओपी को कोकटे
प्रदेश सचिव
मध्यप्रदेश कर्मचारी
कांग्रेस नैनपुर
जिला मंडला

कार्यालय नगरपालिका परिषद नैनपुर, जिला-मण्डला
Municipal Council Nainpur, District-Mandla (M.P) Ph. No. 07646-240106
Email ID -cmonanpur@mpurban.gov.in
क्रमांक 3357 / न.पा./ गणतंत्र दिवस/2025 नैनपुर, दिनांक 22/01/2025
विज्ञापन
26 जनवरी 2025 'गणतंत्र दिवस' के पावन पर्व पर नगरपालिका परिषद नैनपुर समस्त नगरवासियो का हार्दिक अभिनंदन करती है।
- न.पा. के समस्त करों का भुगतान कर नगर के विकास में सहयोग करें।
- तिरंगा हमारी शान है हम भारतीयों का मान है।
- बापू का घर-घर पहुँचे संदेश, स्वच्छ और सुंदर हो नगर हमारा।
- हम सब ने यह ठाना है नैनपुर को स्वच्छ सुन्दर व नम्बर 1 बनाना है।
- पानी का अपव्यय न करें।
- जन्म-मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन अवश्य करावें ।

(डॉ. लक्ष्मणसिंह सारस)
मख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद नैनपुर

(श्रीमती संजूलता वैष्णव)
उपाध्यक्ष
नगरपालिका परिषद नैनपुर एवं समस्त पार्षद गण

(श्रीमती कृष्णा पंजवानी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद नैनपुर

प्रभारी सदस्यः- श्रीमती निशा चंदौल जी, श्री देवेन्द्र राजाराम शर्मा जी, श्रीमती सुशीला चौरसिया जी, श्रीमती पिंकी चौधरी जी, श्रीमती लक्ष्मी परते जी, श्री प्रदीप चौरसिया जी
पार्षदगणः- श्रीमती निकिता अंकित शर्मा जी, श्री नितिन कुमार ठाकुर जी, श्री करन सिंह इनवाती जी, श्रीमती साधना रंगारी जी, श्री सुनील विश्वकर्मा जी, सुश्री कुसुम यादव जी, श्री मोहितकांत झारिया जी